कर्मचारी कल्याण कोष समिति
श्रम कल्याण अनुभाग
भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल

दिनांकः 11 दिसम्बर , 2023

## परिपत्र

संस्थान के सभी अधिकारीगण / कर्मचारीगण को सूचित किया जाता है कि कर्मचारी कल्याण कोष समिति के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क वर्ष 2024 के लिए 200 / –रू. (दो सौ रूपये केवल) वार्षिक देय है जिसको जमा करने की अंतिम तिथि 10.01.2024 तक है। इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों / अनुभाग अध्यक्षों से निवेदन है कि अपने प्रभाग / अनुभाग में कार्यरत सभी कर्मचारीगण से सदस्यता शुल्क इक्ट्ठा करके कर्मचारी कल्याण कोष समिति के कार्यालय में श्री सुरेश कुमार, निपुण सहायक कर्मचारी के पास दिनांक 10.01.2024 तक जमा कर कर्मचारियों की सूची सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास भेजने का कष्ट करें। कर्मचारी कल्याण कोष समिति की ओर से निम्नलिखित सेवाएँ उपलब्ध हैं:–

1. कर्मचारी कल्याण कोष समिति उन कर्मचारियों के बच्चों को जो शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करते हैं। पारितोषिक प्रदान करता है।
2. सामुदायिक केन्द्र / भवन शादी समारोह एवं अन्य आयोजनों के लिए उपलब्ध है।
3. कर्मचारियों की आकस्मिक मृत्यु पर उनके आश्रितों को उचित अनुदान प्रदान किया जाता है।
4. कर्मचारियों के रिटायर होने पर उनको उचित अनुदान प्रदान किया जाता है।
5. संस्थान के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के लिए पारितोषिक प्रदान करना।

उपर्युक्त वर्णित सुविधाएं केवल उन्ही कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है जो इसके नियमित सदस्य होते हैं। अतः सभी वर्ग के कर्मचारियों से निवेदन है कि कर्मचारी कल्याण कोष के अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बन कर उपर्युक्त सुविधाओं का लाभ उठाएं।

राजबीर 11.12.2023
श्रम कल्याण अधिकारी
एवं सचिव कर्मचारी कल्याण समिति

**वितरण:-**

1. निदेशक, भा.कृ.अनु.प.–रा0डे0अनु0सं0, करनाल।
2. संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) भा.कृ.अनु.प.– रा0डे0अनु0सं0, करनाल।
3. संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) भा.कृ.अनु.प.–रा0डे0अनु0सं0, करनाल।
4. संयुक्त निदेशक(प्रशा0) भा.कृ.अनु.प.–रा0डे0अनु0सं0, करनाल।
5. अध्यक्ष, कर्मचारी कल्याण कोष समिति, रा0डे0अनु0सं0, करनाल।
6. संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष / प्रभारी, अनुभाग को इस अनुरोध के साथ भेजा जाता है कि आप अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारीगण में परिचारित करने तथा सदस्यता शुल्क इक्टठा करने का कष्ट करें।
7. सभी आई0जे0एस0सी0 सदस्यों से अनुरोध है कि योगदान करने के लिए सभी कर्मचारियों को वह अपने स्तर पर उत्साहित करें।
8. **प्रभारी कंप्यूटर सेंटर को अनुरोध के साथ कि कृपया इसे ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड और संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करें।**